Jan., 2022

चॉकलेट के साथ किया नए साल का स्वागत

खबरों की दुनिया

जयपुर। जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स की ओर से नए साल के आगमन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बोनफायर के चारो कोविड प्रोटोकॉल के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में नए स्टूडेंट्स ने विभिन्न सिंगिंग परफोर्मेंसेस के साथ ही अपनी किएटिविटी का परिचय दिया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने अपनी रूचि के बारे में जानकारी दी तथा नए साल के विभिन्न संकल्प बताए। स्टूडेंट्स ने एक दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए चॉकलेट से मुंह मीठा करवाया। जेकेएलयू के वाइस चांसलर डॉ धीरज सांघी ने कार्यक्रम की शुरूआत की एवं बच्चों को प्रेरणात्मक उद्बोधन देते हुए उन्हें अपने लक्ष्य पर पूरी शिद्दत के साथ जुट जाने को कहा।